पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चौरई की प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती रेबेका थॉमस को शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के बीच रहकर लगातार अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं और उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने और कई संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा उन्हे राष्ट्रीय प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए उन्हें 2011 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जबलपुर संभाग द्वारा संभागीय प्रोत्साहन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

वह विशेष दिन जब संगठन का स्थापना दिवस मनाया जाता है यानी 15 दिसंबर 2017, नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया था। उसी वर्ष यानि 2017 में उन्हें रोटरी क्लब जबलपुर द्वारा विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्र निर्माता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

वर्ष 2016 में शिक्षिका को स्काउट एवं गाइड के प्रति उनके असाधारण योगदान के लिए भारत स्काउट एवं गाइड के सर्वोच्च पुरस्कार डिविजनल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

वर्ष 2023 में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, उन्हें शिक्षा मंत्रालय और केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा विशेष अतिथि के रूप में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए परिवार के साथ आमंत्रित किया गया था। होटल अशोक में आयोजित सम्मान समारोह के लिए उन्हे आमंत्रित किया गया और केंद्रीय मंत्री एवं संगठन मुख्यालय की आयुक्त श्रीमती निधि पांडे द्वारा सम्मानित किया गया|